प्रेषक,

आन्जनेय कुमार सिंह
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
स्टेट लेविल नोडल एजेन्सी
विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

प्रेष्य,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
डब्ल्यू.सी.डी.सी. बहराइच।

पत्रांक 1250 /एस.एल.डी.सी./लेखा–8(9)/2015–16 लखनऊ दिनांक 17 मार्च, 2016

विषयः– समेकित जल प्रबन्धन कार्यक्रम (आई.डब्ल्यू.एम.पी) के अन्तर्गत स्वीकृत क्षेत्रफल में संशोधन के फलस्वरूप अधिक आवंटित धनराशि का समायोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2010–11 में आई.डब्ल्यू.एम.पी. योजना अन्तर्गत जनपद बहराइच की आई.डब्ल्यू.एम.पी.– प्रथम परियोजना का क्षेत्रफल 4000 हे0 व धनराशि रू0 480.00 लाख स्वीकृत की गयी थी। स्वीकृत परियोजना के सापेक्ष प्रारम्भिक चरण की 20 प्रतिशत धनराशि रू0 96.00 लाख अवमुक्त किया गया तथा कार्य चरण में शासन के पत्र सं0–188 (1)/85–परती–2015/एस0एल0डी0सी0 दिनांक 31.03.2015 द्वारा 6.93 प्रतिशत धनराशि रू0 33.264 लाख व पत्र सं0–1055/85–परती–2016 दिनांक 27.1.16 द्वारा कार्यचरण की 3.84 प्रतिशत धनराशि रू0 18.432 लाख अवमुक्त किया जा चुका है।

आपके कार्यालय पत्र सं0 458/भू.सं.अ./आई.डब्ल्यू.एम.पी.–प्रथम/2015–16 दिनांक 20.07.2015 द्वारा अवगत कराया गया कि बहराइच आई.डब्ल्यू.एम.पी.–प्रथम परियोजना का कुल कार्ययोग्य क्षेत्रफल 2910 हे0 है, तद्नुसार परियोजना क्षेत्र संशोधित कराने का अनुरोध किया गया। आप द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को दिनांक 30.07.2015 को आयोजित एस.एल.एन.ए. की बैठक में प्रस्तुत किया गया। एस.एल.एन.ए. से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त इस कार्यालय के पत्रांक 758/एस.एल.डी.सी./1(समादेश)08 टीसी दिनांक 20.10.2015 द्वारा प्रस्ताव भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार को स्वीकृतार्थ प्रेषित किया गया है।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि बहराइच आई.डब्ल्यू.एम.पी.–प्रथम परियोजना के 4000 हे0 क्षेत्र के सापेक्ष प्रारम्भिक चरण में आवंटित धनराशि रू0 96.00 लाख तथा कार्यचरण में आवंटित धनराशि रू0 51.696 लाख को सम्मलित करते हुए कुल रू0 147.696 लाख अवमुक्त किया गया है। इसमें से रू0 144.096 लाख डब्ल्यू.सी.डी.सी. को उपलब्ध कराया गया तथा रू0 3.60 लाख एस.एल.डी.सी. में रोका गया।

संशोधित क्षेत्र 2910 हे0 के सापेक्ष आवंटन किये जाने की स्थिति में रू0 39.26616 लाख अतिरिक्त रूप से उपलब्ध है। इस धनराशि को कार्यचरण के कार्यमद में उपभोग करने की अनुमन्यता प्रदान की जाती है। इस प्रकार क्षेत्र संशोधन के उपरान्त इस परियोजना के कार्यचरण में कुल आवंटन 22.01461 प्रतिशत होगा तथा वाटरशेड विकास कार्य मद में आवंटन 20.01461 प्रतिशत हो जायेगा।

अतएव क्षेत्र परिवर्तन के पश्चात् इस परियोजना में अवशेष/उपलब्ध धनराशि वाटरशेड विकास कार्यमद में उपभोग कराने का कष्ट करें। कार्य मदवार आवंटन के सापेक्ष संशोधित स्थिति का विवरण संलग्न प्रारूप में दर्शाया गया है।

संलग्नक–विवरण

भवदीय,

(आन्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

पत्रांक 1250 /एस.एल.डी.सी./लेखा–8(9)/2015–16 लखनऊ दिनांकित

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. उप महानिदेशक (वन) भूमि संसाधन विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, 11वॉ ब्लॉक छठा तल, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग/परती भूमि विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. अध्यक्ष एंव प्रशासक, शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास एंव जल प्रबन्धन परियोजना, 23 सी, गोखलेमार्ग, लखनऊ।
5. संयुक्त निदेशक, समादेश बन्धु, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. मुख्य वित्तीय सलाहकार, शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास एंव जल प्रबन्धन परियोजना, 23 सी, गोखलेमार्ग, लखनऊ।
7. उप निदेशक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मण्डल देवीपाटन (गोण्डा)
8. भूमि संरक्षण अधिकारी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बहराइच।
9. श्री वी.के. अस्थाना, लेखाकार (कैशियर), एस.एल.डी.सी. को इस आशय से कि क्षेत्र संशोधन के उपरान्त संलग्न प्रारूप के अनुसार अतिरिक्त अवशेष धनराशि रू0 98100.00 (रू0 अट्ठान्वे हजार एक सौ मात्र) एस.एल.एन.ए. में अवशेष रहेगी जिसे आगामी आवंटन में समायोजित कराते हुए पुनः आवंटित किया जायेगा।
10. प्रशासनिक अधिकारी, स्टेट लेविल डाटा सेन्टर को इस निर्देश के साथ कि आदेश को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

ह०

(आञ्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

आई.डब्ल्यू.एम.पी. बहराइच–प्रथम परियोजना में क्षेत्र परिवर्तन के उपरान्त अवशेष धनराशि का अन्तरण

(धनराशि लाख में)

क्र. सं.	जनपद	परियोजना का नाम	स्वीकृत वर्ष	स्वीकृत क्षेत्र (हे0 में)	अनुमन्य धनराशि	प्रारम्भिक चरण मे मदवार अवमुक्त धनराशि											
						प्रशासनिक		मानीटरिंग		मुल्यांकन	ई.पी.ए	1&C.B		DPR	लाइवली हुड	प्रोडक्सन सिस्टम	WDW
						SLDC	WCDC	SLDC	WCDC	SLDC	WCDC	SLDC	WCDC	WCDC	WCDC	WCDC	WCDC
1	बहराइच	IWMP-I	2010-11	4000	480.00000	0.96000	8.64000	0.24000	0.72000	1.44000	19.20000	0.96000	13.44000	4.80000	4.80000	4.80000	36.00000
	संशोधित क्षेत्र के अनुसार			2910	349.20000	0.69840	6.28560	0.17460	0.52380	1.04760	13.96800	0.69840	9.77760	3.49200	3.49200	3.49200	26.19000
	अवशेष धनराशि			0	0.00000	0.26160	2.35440	0.06540	0.19620	0.39240	5.23200	0.26160	3.66240	1.30800	1.30800	1.30800	9.81000
	डब्ल्यू.सी.डी.सी. में कार्य मद में अन्तरण			0	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000

क्र. सं.	जनपद	कार्य चरण में मदवार अवमुक्त धनराशि											
		प्रशासनिक		मानीटरिंग		मुल्यांकन	ई.पी.ए	1&C.B		DPR	लाइ बली हुड	प्रोडक्शन सिस्टम	WDW
		SLDC	WCDC	SLDC	WCDC	SLDC	WCDC	SLDC	WCDC	WCDC	WCDC	WCDC	WCDC
1	बहराइच	0.00000	9.60000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	42.09600
	संशोधित क्षेत्र के अनुसार	0.00000	6.98400	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	30.62484
	अवशेष धनराशि	0.00000	2.61600	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	11.47116
	डब्ल्यू.सी.डी.सी. में कार्य मद में अन्तरण	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	0.00000	39.26616

क्र. सं.	जनपद	कुल अवमुक्त धनराशि		
		SLDC	WCDC	योग
1	बहराइच	3.60000	144.09600	147.69600
	संशोधित क्षेत्र के अनुसार	2.61900	104.82984	107.44884
	अवशेष धनराशि	0.98100	39.26616	40.24716
	डब्ल्यू.सी.डी.सी. में कार्य मद में अन्तरण	0.00000	39.26616	39.26616

(आञ्जनेय कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
स्टेट लेवेल नोडल एजेन्सी
समेकित वाटरशेड प्रबन्धन कार्यक्रम
लखनऊ (उत्तर प्रदेश)